16.08.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- आज देशभर में धार्मिक, आस्था और उत्साह के साथ मनाई जा रही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़।
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि।
- प्रदेश के स्कूलों में ही बनेंगे विद्यार्थियों के आधार कार्ड, 18 अगस्त से चलेगा विशेष अभियान ।
- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी, 13 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट ।

जन्माष्टमी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की पूजा–अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा और वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की विशेष तैयारी की गई है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर तथा वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर और इस्कॉन मंदिर सहित सभी मंदिर आकर्षक ढंग से सजाये गये हैं।वहीं प्रदेशभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम है। राजधानी भोपाल के लक्ष्मी नारायण मंदिर में सुबह से भक्तों का पहुंचना जारी है। पटेल नगर इस्कॉन मंदिर में प्रदेश का सबसे बड़ा जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री निवास में जन्माष्टमी पर्व घर–घर गोकुल, घर–घर गोपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां बडी संख्या में बाल गोपाल श्रीकृष्ण की वेशभूषा में शामिल होने पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार श्रीकृष्ण के ज्ञान, उनके उपदेश और सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रायसेन जिले के महलपुर पाठा में 13वीं शताब्दी के ऐतिहासिक श्री राधा–कृष्ण मंदिर में पूजा–अर्चना की। मुख्यमंत्री ने गैरतगंज में 136 करोड़ रुपये से अधिक के 90 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी किया।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के बरखेड़ी स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में पूजा–अर्चना की और शोभायात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा आज का यह अवसर स्वदेशी के संकल्प का भी है। हम भगवान श्रीकृष्ण के संदेश को जीवन में उतारें और स्वदेशी चीजों का उपयोग करें।

बैतूल में भारत भारती आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल के विधायक हेमंत खंडेलवाल मुख्य रूप से शामिल हुए। ग्वालियर में फूलबाग स्थित गोपाल मंदिर स्थित श्री कृष्ण एवं राधा को उनके प्राचीन बेशकीमती आभूषणों से सुसज्जित किया गया है। सतना जिले में जन्माष्टमी पर भगवान श्री कृष्ण मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बड़वानी जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जगह–जगह शोभायात्राएं निकाली गई। खंडवा, अशोकनगर,नीमच,डिण्डोरी और सीहोर सहित अन्य जिलों से भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाये जाने के समाचार है।

वाजपेयी पुण्यतिथि

आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में स्व अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि– स्थल सदैव अटल पर पुष्पांजलि अर्पित की। केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा, किरेन रिजिजू, गजेन्द्र सिंह शेखावत, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित अनेक गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने प्रगति, जनकल्याण और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सुशासन का अद्वितीय मार्गदर्शन दिया। रायसेन के जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया गया। इस अवसर पर  मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार शामिल हुए।

स्कूलः आधार कार्ड

प्रदेश में स्कूल के बच्चों के आधार कार्ड तैयार करने के लिये स्कूल में ही विशेष अभियान 18 अगस्त से चलाया जायेगा। सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाये जायेंगे। इस अभियान का नाम 'विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार' होगा।

राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने आज बताया कि यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट पर केंद्रित है। इसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। उन्होंने बताया कि अभियान का पहला चरण प्रदेश के 40 जिलों में एक साथ शुरू होगा।

रानी अवंतीबाई जयंती

आज वीरांगना और नारी शक्ति की पर्याय रानी अवंतीबाई लोधी की 194वीं जयंती है। पूरा प्रदेश आज उन्हें याद कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल में रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उन्हें नमन किया। डॉ यादव ने कहा स्वाधीनता आंदोलन की सूत्रधार वीरांगना का जीवन युगों–युगों तक भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी ने 1857 की क्रांति को नई दिशा दी थी। वे रेवांचल मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार रहीं। इस माटी का कण–कण उनकी वीरता, साहस और शौर्य गाथा से धन्य और गौरवान्वित है। वीरांगना अवंती बाई युगों–युगों तक राष्ट्र की सेवा और सम्मान के लिए मर–मिटने की प्रेरणा देती रहेंगी।

प्रधानमंत्री–दिल्ली परियोजनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की दो बड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे। इन परियोजनाओं में द्वारका एक्सप्रेस–वे के दिल्ली खण्ड और शहरी विस्तार सड़क का दूसरा भाग शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि ये परियोजनाएं राजधानी दिल्ली के लोगों को यातायात में सुविधा देने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप विकसित की गई है। इन परियोजनाओं से यातायात में सुगम होगा, यात्रा में समय की बचत होगी और दिल्ली और आसपास क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज बैतूल और बुरहानपुर जिलों में अति भारी वर्षा की चेतावनी दी है। वहीं, 13 अन्य जिलों में भी भारी बारिश की संभावना जताई गई है। विभाग का अनुमान है कि 18 अगस्त तक प्रदेशभर में तेज बारिश होती रहेगी। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में झाबुआ, अलीराजपुर और बड़वानी सहित 13 जिलों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बड़वानी जिले में आज भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात बन गए हैं। यहां राजपुर नगर और ऊपरी इलाकों में तड़के से ही भारी बारिश हो रही है। इसकी वजह से रूपा नदी उफान पर आ गई है। राजपुर और ओझर में रूपा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नदी के उफान में चार वाहन बह गए, जबकि कई बस्तियां पानी में डूब गईं। हालांकि, अब तक किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के अशोक नगर जिले की मुस्कान रघुवंशी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस पर भारत का तिरंगा फहराने पर बधाई दी हैं।
- अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, भोपाल इकाई द्वारा कल "राष्ट्र वंदना गोष्ठी" का आयोजन विश्व संवाद केंद्र में किया जाएगा। इस गोष्ठी का उद्देश्य साहित्य के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक चेतना और समर्पण की भावना को सशक्त बनाना है।
- नीमच में टी.बी.मुक्त भारत अभियान के तहत कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने स्वयं निक्षय मित्र बनकर जिले के 50 टी.बी.रोगियों को फूड बास्केट उपलब्ध कराए।
- आज प्रदेश में जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नामों की लिस्ट जारी कर दी गई है। 71 संगठन जिलों के शहर और ग्रामीण अध्यक्ष बनाये गये हैं।

---------------